मुख्यमंत्री ने पत्रकारों की सहायता के लिये कई प्रस्तावों को दिया अनुमोदन

चर्चा में क्यों?

11 मई, 2023 को उत्तराखंड के सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वार दी गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के पत्रकारों एवं उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता हेतु 'पत्रकार कल्याण कोष' एवं 'मुख्यमंत्री पत्रकार सम्मान पेंशन योजना' हेतु आयोजित समिति के प्रस्ताव को अनुमोदन दिया है।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि 29 अप्रैल, 2023 को समिति की बैठक में उत्तराखंड के संकटग्रस्त पत्रकारों एवं उनके आश्रितों के लिये पत्रकार कल्याण कोष से प्राप्त आवेदन प्रकरणों पर समिति द्वारा मृतक 09 पत्रकारों के आश्रितों को कुल 45 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, जिसमें प्रत्येक आश्रित परिवार को 55 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के प्रस्ताव पर सहमति बनी थी, जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा अब अनुमोदन दिया गया है।
- गंभीर एवं असाध्य रोग से ग्रस्त पत्रकारों के चिकित्सा उपचार के लिये 05 पत्रकारों को कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने एवं एक प्रकरण को मुख्यमंत्री राहत कोष से 72293 रुपए की आर्थिक सहायता देने के प्रस्ताव पर सहमति बनी थी, जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा अब अनुमोदन दिया गया है।
- 'मुख्यमंत्री पत्रकार सम्मान पेंशन योजना' के अंतर्गत निर्धारित अहर्ता/पात्रता पूर्ण करने वाले 03 प्रकरणों पर पेंशन अनुमन्य किये जाने के प्रस्ताव पर समिति की सहमती बनी, जिस पर भी मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदन दिया गया है।
- समिति द्वारा नियमावली में उल्लेखित प्राविधानों के अंतर्गत 06 प्रकरणों को अपूर्ण पाया गया, जिनके संबंध में पुन: एक बार अभिलेख प्रस्तुत करने का अवसर दिये जाने का सुझाव दिया गया।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-chief-minister-approved-several-proposals-to-help-journalists